**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 03.10.2025 समय : 1905

**<><><><><><><><>**

- आकाशवाणी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात ने आज ग्यारह वर्ष पूरे किए।
- वाइस एडमिरल अजय कोचर ने अंडमान निकोबार कमान के उन्नीसवें कमांडर–इन–चीफ की कमान संभाली।
- कृषि विभाग उष्णकटिबंधीय कटे हुए फूलों को बढ़ावा देने के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करेगा।
- शिक्षा निदेशालय आठ अक्टूबर से टेबल टेनिस कोचिंग कैंप का आयोजन करेगा।

**<><><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात ने आज अपने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। मन की बात का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर दो हजार चौदह को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के एक सौ छब्बीसवें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया। ग्यारह वर्ष की इस यात्रा में प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कई सामाजिक, सांस्कृतिक पर्यावरणीय और व्यावहारिक मुद्दों को छुआ है जिससे देश में सकारात्मक प्रभाव आया है। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। मन की बात कार्यक्रम के एक एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के श्रोताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार वही हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लंबे सफर में देश भर से प्रेरणादायक कहानियां आई हैं।

**<><><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की बाईस तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

**<><><><><><><><>**

वाइस एडमिरल अजय कोचर ने 1 अक्टूबर को अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ का पद संभाला। उन्होंने पहले पश्चिमी बेड़े और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अहम भूमिका निभाई है। 25 मई 2024 को उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ का कार्यभार संभाला था। वाइस एडमिरल कोचर ने जोर दिया कि अंडमान निकोबार कमान भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी सशस्त्र बलों के बीच तालमेल और तत्परता बढ़ाने तथा भारत की सुरक्षा संरचना मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**<><><><><><><><>**

अंडमान निकोबार कमान का पच्चीसवां स्थापना दिवस पांच से आठ अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस सिलसिले में भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के दो जहाजों पर मरीना पार्क के निकट समुद्र में शाम के समय रोशनी की जाएगी। पांच अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े छह बजे तक मरीना पार्क में संयुक्त सेवाओं का बैंड कंसर्ट होगा। आठ अक्टूबर को जहाजों को विशेष रूप से सजाया जाएगा और रात दस बजे तक रोशनी की जाएगी। अंडमान निकोबार कमान ने द्वीपवासियों से इन आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

**<><><><><><><><>**

कृषि विभाग द्वीपसमूह में उष्णकटिबंधीय कटे हुए फूलों को बढ़ावा देने पर विशेष ज़ोर दे रहा है। द्वीपसमूह की कृषि–जलवायु परिस्थितियाँ उष्णकटिबंधीय कटे हुए फूलों जैसे हेलिकोनिया, जिंजर लिली, अल्पाइनिया आदि की खेती के लिए उपयुक्त हैं। इससे किसानों की आय सुनिश्चित होगी और रोज़गार के अवसर पैदा होंगे। स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से इको–एग्रो पर्यटन और महिला

सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन की एनएचएम योजना के अंतर्गत, कटे हुए फूलों की खेती के लिए पचास प्रतिशत की दर से सब्सिडी का प्रावधान है, जो बासठ हजार पांच सौ रुपये प्रति हेक्टेयर तक है। द्वीपसमूह के उत्पादों को मुख्य भूमि के बाज़ारों और द्वीपसमूह के पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने के लिए बाज़ार की संभावनाएं तलाशी जा रही है। किसानों से अनुरोध है कि वे पुष्प–कृषि को अपनाएँ और उष्णकटिबंधीय फूलों की उभरती बाज़ार माँग से लाभ उठाएँ। इसके तहत सात अक्टूबर को ग्राम पंचायत बिडनाबाद में एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान निकटतम कृषि उप–डिपो कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के लिए सुनील सिंधी का कार्यकाल पुन दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। वे उन्नीस जून 2025 से पुनः अध्यक्ष बने रहेंगे। इसी तरह अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के उद्योगपति गिरीश अरोड़ा को भी गैर–सरकारी सदस्य के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड एक परामर्श देने वाली संस्था है, जो व्यापारियों के हितों में नीतिगत सुझाव, योजनाएँ और सुधार प्रस्तुत करती है। यह बोर्ड वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया की भावना को बढ़ावा देने पर विशेष बल देता है।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय 8 अक्टूबर से श्री विजयपुरम के टीचर्स होम हॉल में टेबल टेनिस कोचिंग कैंप का आयोजन करेगा। यह कैंप शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने, टेबल टेनिस कौशल विकसित करने और टेबल टेनिस में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार से गुरुवार तक, शाम 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह कोचिंग शिक्षा निदेशालय के शारीरिक शिक्षकों द्वारा प्रदान की जाएगी। श्री विजयपुरम के छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पंजीकरण के लिए शारीरिक शिक्षक जीशान ईमान से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पांच अक्टूबर को चिन्मय मिशन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह दस बजे होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद साढ़े ग्यारह बजे से आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। स्वास्थ्य शिविर में स्वस्थ वृद्धावस्था, शारीरिक लचीलापन तथा मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्वास्थ्य परामर्श और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

<><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और ई आई ए सी पी केन्द्र की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रजातियों के विलुप्त होने को रोकने, वन्यजीवों के संरक्षण और विभिन्न वनस्पतियों तथा जानवरों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता कल दिन में साढ़े दस बजे भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में आयोजित होगी। वन्यजीव संरक्षण पर "मानव वन्यजीव सह–अस्तित्व" विषय पर, इच्छुक छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><>